## Headline

1. RSS Dussehra Rally: शंकर महादेवन बने मुख्य अतिथि, बोले- संस्कृति-परंपरा की रक्षा संघ जितना किसी ने नहीं किया
2. Punjab: धीरेंद्र शास्त्री पर केस दर्ज करने की उठी मांग, ईसाई समुदाय ने कहा- माफी मांगें नहीं तो पुतले फूंकेंगे


सांध्य दैनिक

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 108 | इंदौर, मंगलवार 24 अक्टूबर, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए





**कल अवकाश**

दशहरे पर्व के उपलक्ष में दैनिक **"डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट"** कार्यालय में 25 अक्टूबर को अवकाश रहेगा। अत: अगला अंक 26 अक्टूबर गुरुवार को प्रकाशित होगा। **- संपादक**

# अपोलो डीबी सिटी में गरबा उत्सव के माध्यम से मतदाताओं में लाई गई जागरूकता

## कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी ने वोटिंग का त्यौहार मनाने की अपील की

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **इंदौर की टाउनशिप अपोलो डीबी सिटी में इस बार भी तीन दिवसीय गरबा उत्सव किया जा रहा है। इस गरबा उत्सव के माध्यम से आयोजकों ने मतदाताओं में मतदान के प्रति जागरूकता लाने की व्यवस्था की है।**



कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी ने इस गरबा महोत्सव में पहुंचकर आयोजकों के प्रयासों की सराहना की और नागरिकों से आग्रह किया कि वे आगामी 17 नवम्बर को वोटिंग का त्यौहार मनायें। इस दिन अधिक से अधिक नागरिक मतदान करें। इस उत्सव में टाउनशिप में रहने वाले 900 से ज्यादा परिवार शामिल होते हैं। जिस तरह इंदौर स्वच्छता में नंबर वन है, उसी तरह इस बार मतदान में भी उसे नंबर वन बनाने का संकल्प कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. इलैयाराजा टी ने दिलाया। अपोलो डीबी सिटी में आयोजित गरबा उत्सव के पहले दिन कलेक्टर भी पहुंचे। उन्होंने गरबा पांडाल के जरिए रहवासियों से अपील की कि इस बार के विधानसभा चुनाव में इंदौर को मतदान में भी नंबर वन बनाना है। अपोलो डीबी सिटी चूंकि इंदौर की प्रीमियम टाउनशिप है, जहां पर 800 से अधिक मतदाता निवास भी करते हैं। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक रहवासी 17 नवंबर को वोटिंग त्यौहार मनाते हुए अपने मताधिकार का इस्तेमाल करें। कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी ने अपोलो डीबी सिटी के सुव्यवस्थित और पारिवारिक माहौल के गरबा उत्सव की प्रशंसा भी की। उनका स्वागत टाउनशिप अध्यक्ष और इन्दौर के वरिष्ठ पत्रकार राजेश ज्वेल ने किया। अपोलो डीबी सिटी रहवासी कल्याण संघ उत्सव समिति के वरिष्ठ सदस्य श्री उमाकांत सरावगी ने बताया कि पिछले 10 सालों से टाउनशिप में गरबा उत्सव आयोजित किया जा रहा है। मगर इस बार का आयोजन अत्यधिक भव्य और बड़े स्तर पर आयोजित किया गया है। इस बार मतदाताओं को गरबे के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है।

# नामांकन के लिए ज्योतिषाचार्यों से मुहूर्त निकलवा रहे प्रत्याशी

## 26, 28 और 30 अक्टूबर को नामांकन फार्म जमा करने का है शुभ मुहूर्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। विधानसभा चुनाव के लिए टिकट वितरण का कार्य पूरा होते ही अब प्रत्याशी शुभ मुहूर्त के इंतजार में ज्योतिषियों के पास फोन करने लगे हैं। चुनावी रण में फेल न हो जाएं इसलिए मुहूर्त का मेल मिलवाने में जुट गए हैं। सोमवार को नवरात्र पर्व की नवमीं पर बड़ी संख्या में नेताओं ने पर्चा लिया और कई ने नामांकन भी किया, क्योंकि यह सबसे अच्छा मुहूर्त माना गया। इस दिन राज पंचक का योग बना। विधानसभा चुनाव लडने वाले प्रत्याशी अपना हर कार्य शुभ मुहूर्त और शुभ दिन में करना चाहते हैं। कार्यालय के उद्घाटन से लेकर नामांकन फार्म लेने तथा भरने का पूरा क्रम शुभ मुहूर्त में करना चाहते हैं। नामांकन की प्रक्रिया 21 अक्टूबर से शुरू हो गई है जो 30 अक्टूबर तक चलेगी। इस बीच चार शुभ मुहूर्त बन रहे हैं। राजपंचक की शुरूआत सोमवार 23 अक्टूबर को रात 02.23 बजे होगी और समापन शनिवार 28 अक्टूबर को सुबह 07.36 बजे होगा। इसके बाद 29 अक्टूबर से कृष्ण पक्ष शुरू हो जाएगा।

# इंदौर में जुटेंगे देशभर के राजपूत समाजजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **राजपूत समाज युवा चेतना मंडल की बैठक आयोजित की गई। इसमें निर्णय लिया गया कि आगामी 24 दिसंबर रविवार को साई पैलेस गार्डन, आईटीआई रोड इंदौर पर निशुल्क अ.भा. युवक-युवती परिचय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।**

राजपूत समाज युवा चेतना मंडल के अध्यक्ष सुनील सिंह ठाकुर, संरक्षक अजय सिंह चौहान, निहाल सिंह चौहान, सलाहकार मनोहर सिंह चौहान एवं संयोजक सुनील सिंह सिकरवार ने बताया कि इसमें देशभर से राजपूत बंधु शामिल होंगे। अंतर सिंह सिसोदिया, जसवंत सिंह भाटी, अजय सिंह परिहार ने बताया कि मंडल पिछले 30 वर्षों से परिचय सम्मेलन आयोजित करते आ रहा है और हर वर्ष लगभग 800 से ऊपर प्रविष्टियां प्राप्त होती है, जिसमें डॉक्टर, इंजीनियर, एम.बी.ए, वकील एवं अन्य शामिल है। यह सभी प्रविष्टियां मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार राजस्थान, गुजरात, छत्तीसगढ़ एवं अन्य राज्यों से तथा विदेशों से भी प्राप्त होती है। महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष रेणु परिहार, संगीता चौहान एवं श्रद्धा सिंह गौड़ ने बताया की इस अवसर पर "परिणय पथ" स्मारिका का विमोचन किया जाएगा। जिसमें युवक युवतियों के रंगीन फोटो सहित संपूर्ण जानकारी दी जाएगी।

# बच्चे और पैरेंट्स बीच हो ऐसा बांड कि वह बिना झिझक शेयर करें आप से हर बात

## ◆ मोटिवेशनल स्पीकर डॉ. मनीषा गौर ने सारथी गरबा में दिए पैरेंटिंग टिप्स

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। नवरात्रि उत्सव के दौरान शहर में अनेकों स्थान पर गरबा का आयोजन किया जा रहा है, जहां लोग भक्ति गीतों पर मां दुर्गा की आराधना कर रहे है। इस अवसर पर गरबा के साथ अन्य इवेंट्स और एक्टिविटी का आयोजन भी किया जा रहा है। इसी क्रम में मदर्स क्लब ह्लस्वयंसिद्धाह्व द्वारा सारथी गरबा में पालकों के लिए पैरेंटिंग सेमिनार आयोजित किया गया। जिसमें मोटिवेशनल स्पीकर डॉ. मनीषा गौर ने सभी के साथ पैरेंटिंग से जुड़े महत्वपूर्ण टिप्स शेयर किए। उन्होंने कहा कि अच्छी पैरेंटिंग का मतलब यह नहीं है कि बच्चा अपने पैरेंट्स के डर की वजह से डिसिप्लिन में रहें और उनकी हर बात माने बल्कि अच्छी पैरेंटिंग का मतलब यह है कि बच्चे और पैरेंट्स के बीच में एक ऐसा बांड होना चाहिए कि बच्चा अपनी हर बात अपने पैरेंट्स के साथ खुलकर शेयर कर सके और यदि बच्चे से कोई गलती हो जाती है तो पैरेंट्स द्वारा प्यार से समझाने पर उसे अपनी गलती का एहसास हो जाए जिससे की वह दोबारा वो गलती न करें। आमतौर पर देखा जाता है कि बच्चे से जैसे ही कोई गलती होती है और पैरेंट्स को इस बारे में खबर मिलती है वह तुरंत आग बबूला होकर अपने बच्चे को डांटने या मारने में जुट जाते है और इसमें कोई कमी नहीं छोड़ते है। जबकि ऐसा नहीं करना चाहिए। अगर आपके बच्चे से कोई गलती हो गई है तो पहले उसके साथ एक कनेक्शन बनाएं और फिर बातों में बातों में प्यार से उसे समझाएं कि उससे जो गलती हुई है वह क्यों गलत है और उसके क्या दुष्परिणाम हो सकते है। इसके साथ ही उसे यह भी बताएं कि अब उस गलती को कैसे सुधार जा सकता है और यदि नहीं सुधारा जा सकता है तो बच्चे को अब क्या करना चाहिए। ऐसा करने से बच्चें बेहतर तरीके से आपकी बात को समझेंगे और भविष्य में उस गलती तो दोबारा करने से बचेंगे भी।

## कटाक्ष




©www.detectivegroupreport.com

# एल्युमिनाई छात्र संस्थान के लिए एक मार्गदर्शक

## ◆ मालवांचल यूनिवर्सिटी द्वारा एल्युमिनाई मीट का आयोजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **मालवांचल यूनिवर्सिटी द्वारा एल्युमिनाई मीट का आयोजन किया गया। इस अवसर पर इंडेक्स समूह संस्थान के सभी एल्युमिनाई ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में नए छात्रों से एल्युमिनाई**

छात्रों ने अपने कॉलेज और करियर से जुड़े अनुभव शेयर किए। इंडेक्स समूह के चेयरमैन सुरेशसिंह भदौरिया,वाइस चेयरमैन मयंकराज सिंह भदौरिया,डायरेक्टर आर एस राणावत,एडिशनल डायरेक्टर आर

सी यादव,एच आर डायरेक्टर रुपेश वर्मा ने एल्युमिनाई मीट की सराहना की।

प्रो.चांसलर डॉ.संजीव नारंग ने कहा कि किसी भी संस्थान के लिए पुराने छात्र एक मार्गदर्शक की तरह होते है जो नए छात्रों को करियर में आने वाली चुनौतियों और अवसरों से रूबरू कराते है। उन्होंने कहा कि इंडेक्स समूह संस्थान और मालवांचल यूनिवर्सिटी ने आज चिकित्सा के क्षेत्र में मप्र का सबसे बड़ा समूह बन गया है। हमारे एल्युमिनाई आज देशभर के प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थानों में सेवाएं दे रहे है। शिक्षण संस्थाओं के साथ रिसर्च के क्षेत्र में भी कई एल्युमिनाई कार्य कर रहे है। रजिस्ट्रार डॉ.लोकेश्वर सिंह जोधाणा ने कहा कि मालवांचल यूनिवर्सिटी एल्युमिनाई मीट के जरिए यूनिवर्सिटी की सभी प्रतिभाओं को एक मंच पर आने का मौका मिल सकता है। इस अवसर पर मालवांचल यूनिवर्सिटी के प्रो.चांसलर डॉ.संजीव नारंग,रजिस्ट्रार डॉ.लोकेश्वर सिंह जोधाणा,डीन डॉ.जीएस पटेल,डॉ. सतीश करंदीकर,डॉ.रेशमा खुराना,डॉ. जावेद खान पठान,डॉ.रोली अग्रवाल,डॉ. दीप्ति सिंह हाड़ा,डॉ.पूनम तोमर राणा और विभागाध्यक्ष उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एल्युमिनाई एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ.राजेंद्र सिंह ने की।

## लोगों की आवाज मुख्य उम्मीदवारों के साथ जोड़ने के लिए तैयार

**इंदौर।** चुनावी सीजन जल्द शुरू होने जा रहा है और हर तरफ जीतने वाली पार्टियां पर चर्चा सुर्खियों में बनी हुई है। ऐसे समय में लोगों की भावनाओं को समझना बेहद महत्वपूर्ण है। इसके लिए वही मंच बेहतर हो सकता है जो राजनीतिज्ञों से सीधे सवाल उठाए? इसी को ध्यान में रखते हुए जाने-माने न्यूज एंकर अनुराग मुस्कान जो पहले एबीपी के साथ जुड़े हुए थे, भारत के सबसे बड़े सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म शेयर चैट पर क्रेजीफॉक्स प्रोडक्शन्स के सहयोग से खास चैट शो जनता की आवाज ला रहे हैं। 18 अक्टूबर से शुरू हो रहा यह शो शेयर चैट ऑडियो चैटरूम पर लाईव होस्ट किया जाएगा, जिसके माध्यम से आम लोगों एवं राजनीतिज्ञों को महत्वपूर्ण मुद्दां पर चर्चा करने तथा बेहतर भारत की योजना बनाने में मदद मिलेगी। विपक्षी दलों के प्रतिनिधी और सत्ताधारी दल के राजनेता इन सत्रों में हिस्सा लेंगे। पहले सत्र की मेजबानी रमेश मेंडोला (इंदौर से एमएलए) द्वारा की जाएगी। शो के लॉन्च की घोषणा करते हुए अनुराग मुस्कान ने कहा, ह्महत्वपूर्ण राजनैतिक मुद्दों जैसे राजनैतिक दलों, पोर्टफोलियो, राज्य, युवा, चुनावी घोषणा पत्र और स्थानीय मुद्दां पर चर्चा के लिए चुनावी सीजन से बेहतर कोई और समय नहीं हो सकता। मुझे खुशी है कि मैं भारत के सबसे बड़े स्वदेशी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म शेयरचैट पर ऐसी ही चर्चा को बढ़ावा देने जा रहा हूं।

# दशहरा मैदान पर 111 और रामबाग में जलेगा 101 फीट का रावण





@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व विजयादशमी मंगलवार को हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। इस अवसर पर शहरभर में रावण दहन किया जाएगा। इस कड़ी में दशहरा मैदान पर 111 फीट और रामबाग पर 101 फीट के रावण का दहन होगा। दोनों स्थानों पर रावण का निर्माण का कार्य पूरा हो चुका है। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम भी होंगे। दशहरा मैदान रावण दहन समिति के सत्यनारायण सलवाडिया ने बताया कि दशहरा के महापर्व पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी ऐतिहासिक दशहरा मैदान पर रावण दहन शाम 7 बजे किया जाएगा। रावण के साथ 250 फीट लंबी लंका भी बनाई जा रही है। कलाकार लक्की सलवाडिया, कलाकार धर्म सिंह सिसोदिया, प्रवीण हरगांवकर,मनोज आर्या, लालू लाहोरिया ने रावण के पुतलों का निर्माण किया गया। रामबाग दशहरा उत्सव समिति द्वारा रामबाग में रावण दहन से पहले रंगारंग आतिशबाजी की जाएगी। इससे पहले राम दरबार की शोभायात्रा भी निकलेगी। 101 फीट के रावण का दहन रात 9 बजे किया जाएगा। आयोजक सचिन गौड़ ने बताया आयोजन का यह 32वां वर्ष है। रावण के साथ लंका का दहन भी किया जाएगा। दहन के शोभायात्रा भी निकाली जाएगी।

# आज मंगलवार को नहीं लिए जाएंगे नाम निर्देशन पत्र

## ◆ नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इन्दौर**। जिले में विधानसभा निर्वाचन के लिये नाम निर्देशन पत्र जमा किये जाने का सिलसिला लगातार जारी है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सार्वजनिक अवकाश में नाम निर्देशन पत्र नहीं लिये जाने के निर्देशों के अनुरूप मंगलवार 24 अक्टूबर को नाम निर्देशन पत्र जमा नहीं होंगे। इस दिन विजयादशमी का अवकाश हैं।

जिले में आयोग के निर्देशों के अनुरूप नाम निर्देशन पत्र 24, 28 और 29 अक्टूबर को भी अवकाश के दिनों में नहीं भरे जायेंगे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. इलैयाराजा टी के निर्देशन में नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने के लिये कलेक्टर कार्यालय सहित जिले के अन्य सभी रिटर्निंग अधिकारी कार्यालयों में व्यापक व्यवस्थाएं की गई। जिले के 6 विधानसभा क्षेत्रों इंदौर-1, इंदौर-2, इंदौर-3, इंदौर-4, इंदौर-5 और राऊ विधानसभा क्षेत्रों के नाम निर्देशन पत्र कलेक्टर कार्यालय में तथा शेष तीन विधानसभा क्षेत्र देपालपुर, महू और सांवेर के नाम निर्देशन पत्र संबंधित तहसील मुख्यालय पर लिये जाने की व्यवस्था की गई है। सभी रिटर्निंग अधिकारी कक्ष में सीसीटीवी के माध्यम से निगरानी की जायेगी। रिटर्निंग अधिकारी कक्ष में एक आईटी वर्क स्टेशन भी रहेगा। सम्पूर्ण नामांकन प्रकिया की वीडियोग्राफी भी होगी। भारत निर्वाचन आयोग के तय कार्यक्रम के अनुसार नाम निर्देशन पत्र 30 अक्टूबर तक लिये जाएंगे। नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने का समय प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक होगा। नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 31 अक्टूबर को जाएगी। अभ्यर्थी 2 नवम्बर तक नाम वापिस ले सकेंगे। मतदान की तिथि 17 नवम्बर रहेगी। मतगणना 3 दिसम्बर को की जाएगी। विधानसभा चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थी को निर्वाचन व्यय के लिए अलग से बैंक खाता खुलवाना होगा। निर्वाचन व्यय की सीमा अधिकतम 40 लाख रूपये निर्धारित की गई है। सामान्य उम्मीदवारों के लिए निक्षेप राशि 10 हजार रुपये और अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 5 हजार रुपये होगी। निर्वाचन आयोग ने अभ्यर्थियों को ऑनलाइन नाम निर्देशन पत्र जमा करने हेतु सुविधा एप पर वैकल्पिक व्यवस्था प्रदान की है।

# राष्ट्रीय कला मंच का उद्देश्य कला-प्रदर्शन, दर्शन एवं साहित्य को विभिन्न क्षेत्र तक पहुंचाना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। राष्ट्रीय कला मंच द्वारा इंदौर महानगर में 16 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक 10 अलग-अलग विधाओं में कार्यक्रम हुए जिसमें लगभग 400 छात्रों ने भाग लिया 21 अक्टूबर को समापन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पद्मश्री रमेश परमार जी एवं उनकी पत्नी पद्मश्री शांति परमार जी , साथी पंचकन्या की संस्थापक डॉ. समीक्षा नायक जी विद्यार्थी परिषद से इंदौर विभाग प्रमुख सौरभ पारिक सर ,मालवा प्रांत राष्ट्रीय कला मंच के संयोजक शांतनु तिवारी जी एवं इंदौर महानगर कलामंच प्रमुख अतुल पटेल जी उपस्थिति रहे।

### विजेताओं को किया सम्मानित

डॉ.समीक्षा ने कहा राष्ट्रीय कला मंच कलाकारों का मंच है किसी भी देश के विकास में कला का महत्वपूर्ण योगदान होता है। सभी आर्थिक, सामाजिक एवं अन्य गतिविधियों में संस्कृति एवं रचनात्मकता का समावेश होता है। विविधताओं का देश, भारत अपनी विभिन्न संस्कृतियों के लिए जाना जाता है। भारत में गीत-संगीत, नृत्य, नाटक-कला, लोक परंपराओं, कला-प्रदर्शन, चित्रकारी एवं लेखन के क्षेत्रों में एक बहुत बड़ा संग्रह मौजूद है जो मानवता की ह्यअमूर्त सांस्कृतिक विरासतह्ल के रूप में जाना जाता है। इनके संरक्षण हेतु राष्ट्रीय कला मंच विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से जन जन तक पहुंच जा रहा है, जिसका उद्देश्य कला-प्रदर्शन, दर्शन एवं साहित्य के क्षेत्र में सक्रिय व्यक्तियों, समूहों एवं सांस्कृतिक संस्थानों को एक मंच प्लेटफार्म प्रदान करना है।

# समूह निदेशक डॉ. द्विवेदी ने किया सीपीएलवीडब्ल्यू कोर्स पूर्ण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इन्दौर**। आईआईएम इंदौर द्वारा आयोजित (मार्च से अक्टूबर 2023) 8 महीने के लीडरशिप कोर्स सी.पी.एल.वी.डब्ल्यू को डॉ. पुनीत द्विवेदी ने शानदार तरीके से पूर्ण किया है। भारतीय प्रबंध संस्थान द्वारा उक्त लीडरशिप कोर्स में पूरे भारत के विभिन्न प्रदेशों से ५० अभ्यर्थियों का चयन किया गया था। मॉडर्न ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स इंदौर में प्रोफेसर एवं समूह निदेशक के रूप में कार्यरत डॉ. द्विवेदी के अनुसार कोर्स में लीडरशिप डेवलपमेंट, आपदा प्रबंधन, व्यापार व्यवहार, सिमुलेशन गेम्स, ऑर्गेनाइजेशन डेवलपमेंट, पॉलिटिकल रिस्क एनॉलिसिस, बिल्डिंग रोबस्ट ऑर्गेनाईजेशन, आर्ट ऑफ पर्सुएशन एंड इंफ्लूएंस, ऑर्गेनाइजेशनल लीडरशिप, चेंज मैनेजमेंट, टीम बिल्डिंग, निगोशिएशन और परसेप्शन मैनेजमेंट इन



डिजिटल एरा इत्यादि विषयों को गहनता से समझाया गया। कुल ६० सत्रों में इस कोर्स को ऑनलाईन एवं ऑफ लाइन दोनों प्रकार से आयोजित किया गया। इसमें १२ सत्र भारतीय प्रबंध संस्थान इंदौर के परिसर में हुए। ग्रेजुएशन सेरेमनी में भारतीय प्रबंध संस्थान इंदौर के डीन (फैकल्टी) प्रो. प्रवीन पाणिग्रही के हाथों से डॉ. द्विवेदी को प्रमाण-पत्र एवं अंक-पत्र प्राप्त हुए। बेहतरीन वक्ता और नव उद्यमियों के मार्गदर्शक डॉ. द्विवेदी की इस उपलब्धि पर परिजनों सहित इंस्टीट्यूट्स के सभी सहयोगियों, सहकर्मियों एवं प्रबंध समिति ने भी बधाई दी है।

# गरबा पंडालों में पहुंची पिंटू जोशी की पत्नी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। विधानसभा 3 से कांग्रेस के प्रत्याशी दीपक जोशी पिंटू की जीत की कामना लेकर उनकी पत्नी रेशु जोशी क्षेत्र के गरबा पांडालों में पहुंची। जहां उन्होंने माताजी के दर्शन कर आशीर्वाद लिया वहीं युवतियों व महिलाओं के साथ गरबा भी किया। गरबा पांडालों में उन्होंने दीपक जोशी के लिए जीत की अपील की। विधानसभा 3 से दीपक जोशी पिंटू को कांग्रेस से टिकट मिलने के बाद उनके समर्थकों में काफी उत्साह है। चुनाव में पति की जीत हो इस कामना के साथ उनकी पत्नी रविवार को वार्ड 55 और वार्ड 63 के गरबा पांडालों में पहुंची। जहां उन्होंने कांग्रेस के विधानसभा 3 के प्रत्याशी दीपक जोशी पिंटू के लिए वोट की अपील की। वह छोटी ग्वालटोली, मुराई मोहल्ला, नवलखा कॉम्प्लेक्स, नवलखा गुजराती समाज के गुजरातियों के गरबे में पहुंची जहां उन्होंने मां अंबे का आशीर्वाद लेकर, गुजराती महिलाओं के साथ गरबा किया। रेशु जोशी का कहना था की मेरे पति बहुत ही सरल सहज व्यक्ति है। वे आपके साथ खड़े रहकर आप के हर सुख दुख के सहभागी रहेंगे।

# क्षेत्र 3 के 500 से अधिक कांग्रेस कार्यकर्ता पहुंचे

## वाहन रैली के रूप में भोपाल-मिले कमलनाथ से

## कमलनाथ बोले झ्रजब भी अवसर मिलेगा, मैदानी लोगों के लिए अवसर मिलते रहेंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री और विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 3 से कांग्रेस के सशक्त दावेदार अरविंद बागड़ी के 500 से अधिक समर्थकों ने आज सुबह संजना पार्क, अग्रवाल पब्लिक स्कूल के पास से 50 चार पहिया वाहनों और 6 यात्री बसों में सवार होकर इंदौर से भोपाल तक का सफर तय कर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ से मुलाकात कर उन्हें अपनी भावनाओं से अवगत कराया। बागड़ी भी इन कार्यकर्ताओं के आग्रह पर उनके साथ भोपाल पहुंचे थे।**

इन सभी कार्यकतार्ओं ने पूरे दमखम के साथ कांग्रेस नेतृत्व को अवगत कराया कि क्षेत्र क्रमांक 3 की वर्तमान स्थिति में अरविंद बागड़ी ही सबसे सशक्त और योग्य कांग्रेस प्रत्याशी हो सकते हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने सभी कार्यकतार्ओं की बातों को ध्यान से सुना और बोले झ कांग्रेस में कार्यकतार्ओं का सम्मान करने की परंपरा रही है, कार्यकर्ता ही नेतृत्व की जान होते है। निश्चित ही जब भी अवसर मिलेगा, अरविंद जैसे मैदानी लोगों के लिए बहुत से अवसर उपलब्ध होते रहेंगे। कांग्रेस के इन कार्यकतार्ओं ने पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजयसिंह से भी मुलाकात की और उन्हें भी अपनी भावनाओं से अवगत कराया। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता अमिताभ सिंघल, धर्मेश कोठारी, क्षेत्र क्र. 3 के कांग्रेस कार्यकतार्ओं, दिनेश प्रजापत, कैलाश फूलमाली, तारा पटेल, जमना सिलावट, मनीष अग्रवाल, राजा पुरोहित, जितेन्द्र सिलावट आदि ने दोनो नेताओं को ज्ञापन भेंट कर क्षेत्र क्र. 3 में प्रत्याशी चयन के फैसले पर पुनर्विचार करने की मांग की है।

प्रदेश की 5 सीटों पर रिश्तेदारों में रोचक मुकाबला

# नर्मदापुरम में सगे भाई, देवतालाब से चाचा-भतीजे; सागर में जेठ-बहू आमने-सामने

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्यप्रदेश में 17 नवंबर को होने वाले चुनाव के लिए भाजपा-कांग्रेस के उम्मीदवारों की तस्वीर लगभग साफ हो गई है। कांग्रेस ने 229 और भाजपा ने 228 सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। देवतालाब सीट से चाचा-भतीजे आमने-सामने हैं तो होशंगाबाद सीट पर सगे भाइयों के बीच सीधा मुकाबला हो रहा है।**

5 ऐसी सीटें हैं, जहां सबसे रोचक मुकाबले होने जा रहे हैं। किसी सीट पर भाई-भाई, किसी पर चाचा-भतीजे तो किसी सीट पर समधी-समधन आमने-सामने हैं। इस पांचों सीटों में से 4 पर भाजपा का कब्जा है और 1 सीट पर कांग्रेस का। यहां कोई भी जीते विधायकी परिवार में ही रहेगी।

## पहले भाजपा में ही थे दोनों शर्मा बंधु

भाजपा ने 5 बार के विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा को टिकट दिया है। सीतासरन पहली बार 1990 में विधायक बने थे। इसके बाद 1993 और 1998 का चुनाव जीते। अभी 2013 से लगातार विधायक हैं। साल 2014 से 2019 तक विधानसभा अध्यक्ष भी रहे हैं। कांग्रेस ने इस सीट से सीतासरन के सगे भाई गिरिजाशंकर को पहले ही टिकट देकर मुकाबले को रोचक बना दिया है। गिरिजाशंकर साल 2003 से 2013 तक भाजपा के टिकट पर विधायक रह चुके हैं। जनसंघ के समय से भाजपा में रहे। करीब 45 साल भाजपा में रहने के बाद 10 सितंबर को कांग्रेस जॉइन कर ली थी।

भाई के खिलाफ चुनाव लड़ने की बात पर गिरिजाशंकर ने कहा कि चुनाव को लेकर मेरी पूरी तैयारी है। हाईकमान ने टिकट घोषित होने से पहले ही मुझे आगाह कर दिया था। भाजपा मेरे भाई के नाम की घोषणा पहले कर देती तो मैं चुनाव नहीं लड़ता। कांग्रेस ने मुझे पहले ही टिकट दे दिया था। अब पीछे भी नहीं हटूंगा। पार्टी को जीत दिलाऊंगा।

वहीं, सीतासरन ने अपने भाई के खिलाफ चुनाव लड़ने वाले सवाल पर कहा, मुकाबला कड़ा होगा। वैसा ही होगा जैसा चुनाव में होता है। पार्टी ने भरोसा जताया है तो पूरी ताकत के साथ चुनाव लड़ूंगा। यहां किसी व्यक्ति विशेष की लड़ाई नहीं है। विचारधारा की लड़ाई है।

## पिछला चुनाव 1080 वोटों से जीते थे गिरीश

भाजपा ने 3 बार के विधायक और वर्तमान में विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम को टिकट दिया है। गिरीश इस सीट पर 2008 से लगातार विधायक हैं। पिछली बार देवतालाब सीट पर भाजपा-कांग्रेस के बीच कांटे की टक्कर हुई थी। गिरीश गौतम बीएसपी की सीमा सिंह सेंगर से 1080 वोट से चुनाव जीते थे। कांग्रेस की विद्यावती पटेल को 22% वोट मिले थे। गिरीश 2008 और 2013 का चुनाव करीब 3 हजार वोट के ही मार्जिन से जीते थे। इस बार कांग्रेस ने इस सीट पर गिरीश के भतीजे पद्मेश गौतम को टिकट देकर मामले को रोचक बना दिया है।

## पार्टी कोई भी हो, विधायक जैन ही चुना जाता है

ये जैन बाहुल्य सीट है। इस सीट पर साल 1985 यानी पिछले 38 साल से जैन प्रत्याशी ही चुनाव जीतते आ रहे हैं। भाजपा ने 3 बार के विधायक शैलेंद्र जैन को टिकट दिया है। शैलेंद्र को चौथी बार भी मैदान में उतारा है। वहीं, कांग्रेस ने इस सीट पर शैलेंद्र से छोटे भाई सुनील की पत्नी निधि को टिकट देकर मुकाबले को रोचक बना दिया है। निधि साल 2020 के नगरीय चुनावों में महापौर का चुनाव लड़ चुकी हैं। निधि भाजपा की संगीता तिवारी से 12,665 वोटों से हार गई थीं।

अपने जेठ के खिलाफ चुनाव लड़ने के सवाल पर निधि का कहना है कि परिवार और राजनीति अलग-अलग हैं। मेरे जेठ बीजेपी में हैं। मैं कांग्रेस में हूं। मेरे पति सुनील जैन 1993 में कांग्रेस से देवरी से चुनाव जीते थे। हम लोग कांग्रेस की राजनीति में विश्वास रखते हैं। कांग्रेस की गांधीवादी विचारधारा से जुड़ी हूं। दोनों के अपने-अपने सिद्धांत हैं।

वहीं, बहू के खिलाफ चुनाव लड़ने पर शैलेंद्र जैन ने कहा कि बीजेपी मेरी मां है। मैं राजधर्म का पालन करूंगा। नगर निगम चुनाव में यह हालत बनी थी। तब मैंने बीजेपी का कार्य किया था। जबकि मेरे परिवार की सदस्य निधि चुनाव लड़ी थीं। मेरे लिए बीजेपी ही सर्वोपरि है। पिछले 15 सालों में सागर शहर का विकास ही मेरी जीत का आधार बनेगा।

## महज 2,213 वोटों से जीते थे चाचा संजय

हरदा जिले की इस सीट पर भाजपा ने विधायक संजय शाह को टिकट दिया है। संजय टिमरनी विधानसभा सीट से 2008 से लगातार तीन बार के विधायक हैं। कांग्रेस ने इस सीट पर संजय के भतीजे अभिजीत को दोबारा मैदान में उतार दिया है। यहां पिछली बार भी मुकाबला रोचक था। टाइट-फाइट हुई थी। भतीजा अपने चाचा से महज 2,213 वोट के अंतर से हारा था। मकराई राजघराने के वंशज चाचा-भतीजे की ये जोड़ी दूसरी बार आमने-सामने है।

## जिस समधी ने हराया, उससे फिर मुकाबला

भाजपा ने साल 2020 में कांग्रेस छोड़कर आईं इमरती देवी को टिकट दिया है। इमरती 2008 में पहली बार विधायक बनी थीं। साल 2020 तक डबरा से कांग्रेस की टिकट पर लगातार 3 बार विधायक रहीं। साल 2020 के उपचुनाव में भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ीं। कांग्रेस ने इमरती के खिलाफ उनके समधी और वर्तमान विधायक सुरेश राजे को टिकट दिया है। इमरती, सुरेश राजे से चुनाव हार गई थीं। सुरेश पहले भाजपा में हुआ करते थे। तब इमरती कांग्रेस में थीं। इमरती के भाजपा में आते ही सुरेश कांग्रेस में शामिल हो गए थे।

ऐसा तीसरी बार है, जब इमरती और उनके समधी चुनाव में आमने-सामने हैं। साल 2013 में सुरेश भाजपा की टिकट पर इमरती से खिलाफ चुनाव लड़े थे। इसके बाद 2020 के उपचुनाव में एक बार फिर दोनों आमने-सामने आए। दोनों एक-दूसरे के धुर विरोधी माने जाते हैं, इसलिए ये मुकाबला रोचक होने वाला है।

# महाकाल की प्रतिमा का 9 दिनों तक अनोखा श्रृंगार

### सोशल मीडिया पर लाखों भक्तों ने दर्शन किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बैतूल। नवरात्र उत्सव में महाकाल समिति गाड़ाघाट टिकारी की तरफ से बाबा महाकाल की 11 फीट प्रतिमा विराजित की गई है। सोशल मीडिया पर लाखों श्रद्धालु इस महाकाल की प्रतिमा के लाइव दर्शन कर चुके हैं। प्रतिमा की खासियत यह है कि यह उज्जैन महाकाल की तर्ज पर निर्मित की गई है।**

इसके अलावा प्रतिमा स्थापना के साथ ही बाबा महाकाल का पूरे 9 दिनों तक अलग अलग रूपों में सिंदूर, कुमकुम, काजू, किशमिश, बादाम व भांग से अद्भुत और अलौकिक श्रृंगार किया गया। इस प्रतिमा को बैतूल शहर के प्रसिद्ध मूर्तिकार आर.सुनील प्रजापति ने बनाया है। प्रतिमा में पवित्र नदी ताप्ती, नर्मदा, गंगा, शिप्रा नदी के पवित्र जल सहित वृंदावन, केदारनाथ, अमरनाथ और अयोध्या की मिट्टी का उपयोग किया गया है। महाकाल का श्रृंगार भी मूर्तिकार सुनील प्रजापति कर रहे हैं। बता दें कि मूर्ति कलाकार सुनील को महाकाल के श्रृंगार में विशेष महारत हासिल है। पूर्व में भी उन्होंने श्रावण मास में बैतूल शहर की कई शिवलिंगों का श्रृंगार किया है। उनके श्रृंगार की तारीफ प्रतिदिन महाकाल की प्रतिमा के दर्शन करने वाले श्रद्धालु भी कर रहे हैं।

## नवमी को अर्धनारीश्वर के रूप में किया अंतिम श्रृंगार

महाकाल समिति गाड़ाघाट से मिली जानकारी के अनुसार स्थापना अर्धनारीश्वर भगवान के रूप में की गई। एक तरफ माता गौरा एक तरफ भोलेनाथ द्वितीय श्रृंगार माता हरसिद्धि और शारदे माता के रूप में किया गया व तृतीय श्रृंगार महाकाल महाराज के रूप में किया गया। नवमी को अंतिम श्रृंगार अर्धनारीश्वर के रूप में पुनः किया गया, जिसमें एक तरफ भूतेश्वर महाकाल भगवान और दूसरे तरफ जगदंबा माता का रूप दिया गया। भगवान के इस अद्भुत दर्शन को निहार कर भक्त भी धन्य हो गए। नवरात्र पर्व में महाकालेश्वर की आरती भी शिव भक्तों के आकर्षण का केंद्र रही है।

# 50 लाख रुपए की लूट का खुलासा

- आंध्रप्रदेश से पंजाब जा रहे ट्रक को ड्राइवर ने अपने दोस्तों से लुटवाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रीवा।** रीवा जिले की मनगवां पुलिस ने 50 लाख रुपए की लूट का खुलासा किया है। पुलिस का कहना है कि आंध्रप्रदेश के राजमुंदरी से पंजाब के भटिंडा पौधा लोड कर जा रहा था। ऐसे में चालक ने अपने चार दोस्तों की मदद से रीवा के मनगवां में ट्रक को लुटवा दिया। यूपी बॉर्डर में चुनावी चेकिंग से प्लान चौपट हो गया। इस मामले में पुलिस ने चालक को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं चार साथी फरार है।

मनगवां थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार उइके ने बताया कि आंध्रप्रदेश के राजमुंदरी स्थित नर्सरी से एरियल रूट बोनसाई के चार पौधे लोड थे। एक पौधे की कीमत 1.25 लाख कुल कीमत पांच लाख रुपए। इसी तरह लेगरस्ट्रोमिया पौधा कीमत 65 हजार, कपोसिया पौधा 52 हजार रुपए लदा था। ट्रक में महंगे पौधे 12 थे। जिनकी कीमत 10 लाख थी। वहीं 5 लाख रुपए के सस्ते पौधे लदे थे। 15 लाख रुपए के पौधों को लेकर चालक ने बलिया के चार साथियों के साथ मिलकर लूट की योजना बनाई। कहा कि खलासी नया है प्लान नहीं समझेगा। उसको रास्त में उतारकर ट्रक लेकर भाग जाएंगे।

# 1000-500 के पुराने नोटों का 47 लाख कैश बरामद

### तांत्रिक के पास ले जा रहा था आरोपी; जिन्न से नोट बदलवाने का दावा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर। ग्वालियर में क्राइम ब्रांच ने बंद हो चुके एक हजार और 500-500 के 47 लाख रुपए के नोट के साथ एक युवक को पकड़ा है। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह इन नोटों को तांत्रिक के पास ले जा रहा था। उसने जिन्न की मदद से इन्हें वर्तमान करेंसी में बदल देने का दावा किया था।**

मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव के कारण आचार संहिता लगी है। सोमवार सुबह करीब 10 बजे क्राइम ब्रांच को सूचना मिली कि मुरैना की ओर से काफी मात्रा में कैश ग्वालियर आने वाला है। राजेश सिंह चंदेल को भी सूचना दी गई। चंदेल ने टीआई क्राइम अमर सिंह सिकरवार, क्राइम ब्रांच एसआई एसएस परमार के नेतृत्व में दो टीम बनाई। ये टीम मुरैना से ग्वालियर-मुरैना हाइवे पर तैनात हो गईं। टीम ने ट्रिपल आईटीएम के पास वाहनों की चेकिंग शुरू कर दी। करीब 10:30 बजे एक बाइक सवार मुरैना की ओर से आते दिखा। पुलिस को देख वह वापस लौटने लगा। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया।

## बैग में भरे थे पुराने नोट

पूछताछ में बाइक सवार ने अपना नाम सुल्तान सिंह करोसिया निवासी मुरैना बताया। उसने खुद को सफाईकर्मी बताया। उसके पास से काले रंग का बैग भी मिला। पुलिस ने बैग खोला, तो आंखें फटी रह गईं। बैग में साल 2016 में नोटबंदी में बंद हुए नोट थे। पुलिस उसे गिरफ्तार करके थाने लेकर आई। नोटों की गिनती की गई, तो इसमें एक हजार की 41 और 500-500 के नोटों की 12 गड्डियां मिलीं। कुल 47 लाख रुपए और बाइक जब्त किए गए।

## नोटबंदी के बाद कचरे के ढेर में मिला था बैग

आरोपी सुल्तान ने बताया कि नोटबंदी के कुछ महीनों बाद कचरे के ढेर में यह बैग मिला था। बैग खोला, तो उसमें बंद हो चुकी करेंसी थी। उस समय तो बैग लेकर घर चला गया। डर के मारे नोट बाहर नहीं निकाले। उसने कुछ परिचितों को भी इस बारे में जानकारी दी। एक परिचित ने उसे ग्वालियर के तांत्रिक के बारे में बताया कि वह नवमी-दशहरा की मध्य रात्रि पूजा कर जिन्न को प्रकट करता है। जिन्न इन नोटों को वर्तमान में चल रहे नोटों में तब्दील कर देता है।

## तांत्रिक को देने जा रहा था नोट

सुल्तान ने पुलिस को बताया कि परिचित के कहने पर वह नोटों को लेकर ग्वालियर के पास जंगल में जा रहा था। यहां तांत्रिक रात में जिन्न आह्वान का करने वाला था। इसके अलावा, बलि के लिए मुर्गा और पूजा का अन्य सामान भी मंगवाया था। ग्वालियर से वह इन चीजों को भी खरीदने वाला था।

## मध्यस्थ और तांत्रिक की तलाश

एसएसपी राजेश चंदेल ने बताया कि पूछताछ के दौरान कुछ नाम सामने आए हैं। तांत्रिक के साथ ही सुल्तान और तांत्रिक के बीच मध्यस्था करने वाले का नाम भी मिल गया है। अब इन दोनों की तलाश की जा रही है। साथ ही, सुल्तान की कहानी को वैरिफाई किया जा रहा है। पुलिस ने इसकी जानकारी निर्वाचन आयोग और इनकम टैक्स डिपार्टमेंट को भी दी है।

New Delhi

# "कुछ लोग नहीं चाहते, भारत फिर से उठ खड़ा हो', आरएसएस मुख्यालय में बोले संघ प्रमुख मोहन भागवत



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** विजयदशमी के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुख्याल नागपुर में स्थापना दिवस और शस्त्र पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया. नागपुर के रेशिमबाग मैदान में हुए इस कार्यक्रम में संघ प्रमुख मोहन भागवत ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत का एक स्थान दुनिया के महत्वपूर्ण देशों में बन गया है. हमारे खिलाड़ियों ने इस बार एशियाई खेलों में 107 पदक जीते हैं. हमारा देश हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है. आर्थिक क्षेत्र में हम 10वें नंबर से उठकर पांचवे नंबर पर आ गए. सिर्फ तकनीक में नहीं, कृषि और दूसरे क्षेत्रों में भी हम आगे बढ़ रहे हैं.

संघ प्रमुख ने आगे कहा कि हमारे देश में काफी विविधताएं हैं और विविधता में एकता कैसे आएगी इसका कोई आधार नहीं है. जंग पर बात करते हुए उओन्होंने कहा कि कट्टरपन के चलते उन्माद पैदा होता है. युद्ध चलते हैं. उसका कोई उपाय नजर नहीं आता. हमारा देश आगे बढ़ रहा है, आत्मविश्वास बढ़ रहा है. दुनिया को रास्ता दिखाना है तो हमें किसी की नकल नहीं करना है. हमें अपना रास्ता बनाना है. हमें एक यशस्वी प्रयोग दुनिया को देना है. उन्होंने कहा कि भारत में कुछ लोग हैं, जो नहीं चाहते कि भारत खड़ा हो. अलगाव और टकराव कैसे पैदा हो, वह ऐसा वह प्रयास करते हैं. उन्होंने आगे कहा कि भारत के उत्थान का उद्देश्य सदैव विश्व का कल्याण रहा है. लेकिन, स्वार्थी, भेदभावपूर्ण और धोखेबाज ताकतें अपने सांप्रदायिक हितों की तलाश में सामाजिक एकता को बाधित करने और संघर्ष को बढ़ावा देने के अपने प्रयास भी कर रही हैं. वे तरह-तरह के लबादे पहनते हैं. सांस्कृतिक मार्क्सवादी अराजकता और अविवेक को पुरस्कृत करते हैं, बढ़ावा देते हैं, फैलाते हैं. उनकी कार्यप्रणाली में मीडिया और शिक्षा जगत पर नियंत्रण करना और शिक्षा, संस्कृति, राजनीति और सामाजिक वातावरण को भ्रम, अराजकता और भ्रष्टाचार में डुबाना शामिल है.

Jharkhand

**झारखंड के देवघर में बड़ा हादसा**

## अजय बराज में कार गिरने से 2 बच्चों समेत 5 लोगों की मौत

**देवघर, (एजेंसी) झारखंड के देवघर में मंगलवार को बड़ा हादसा हो गया। सारठ प्रखंड के चितरा थाना के सिकटिया स्थित अजय बराज में बोलेरो गिर जाने से एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत हो गई। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की मदद से सभी शव बाहर निकाले गए।**

जानकारी के अनुसार एक ही परिवार के सभी सदस्य बोलेरो से आसनसोल से गिरिडीह जा रहे थे। रास्ते में सिकटिया के पास बोलेरो दुर्घटनाग्रस्त होकर अजय बराज में गिर गया। वाहन में सवार दो बच्चों समेत पांच लोग पानी में डूब गए। एक व्यक्ति बचकर निकलने में कामयाब रहा।

आसनसोल संकुल सीआरपी मनोज चौधरी की बेटी, दामाद, बच्चे बोलेरो में सवार होकर गिरिडीह जा रहे थे। तड़के यह हादसा हुआ। स्थानीय लोग बड़ी संख्या में मदद के लिए दौड़े। उन्होंने बैराज में उतरकर लोगों को निकाला, लेकिन तब तक 5 लोगों की मौत हो चुकी थी।

New Delhi

## नकली पर नकेल! दिल्ली हाईकोर्ट का आदेश, ब्रांडेड जूते की कॉपी पर 10 लाख का दुकानदार पर लगा जुर्माना

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली उच्च न्यायालय ने हाल ही में आगरा स्थित एक दुकानदार को ट्रेडमार्क प्यूमा और उसके लीपिंग कैट डिवाइस का उपयोग करके नकली जूते बेचने के आरोप में प्यूमा को 10 लाख का हर्जाना देने का आदेश दिया है।

न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह ने कहा कि प्रतिवादी अशोक कुमार जो 'कुमकुम शूज़' के रूप में व्यापार करते थे। उन्होंने जानबूझकर प्यूमा मार्क के तहत नकली उत्पादों का निर्माण और बिक्री करना चुना।

अदालत ने कहा कि स्थानीय आयुक्त की रिपोर्ट के अनुसार कुमकुम शूज़ ने नकली जूते बेचने से लगभग 18 लाख से 19 लाख का मुनाफ़ा कमाया है और इसलिए मुकदमे का फैसला प्यूमा के पक्ष में हर्जाने के साथ सुनाया जाना चाहिए।

Bihar

## गोपालगंज में दुर्गा पूजा पंडाल में अधिक भीड़ होने के कारण भगदड़, 3 की मौत

**गोपालगंज, (एजेंसी) बिहार के गोपालगंज में दुर्गा पूजा पंडाल में अधिक भीड़ होने के कारण भगदड़ मच गई. हादसे में दो महिला समेत तीन की मौत हो गई. हादसे में दर्जनभर लोगों के घायल होने की सूचना है. सभी घायलों को सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में दाखिल कराया गया है.**

हादसा नगर थाना क्षेत्र के रेलवे स्टेशन रोड में स्थित राजा दल पूजा पंडाल के पास की है. जहां पर अचानक से हुई भगदड़ में दो महिला और एक बच्चे की मौत हो गयी. तीनों मृतकों के शव को सदर अस्पताल में लाया गया है. इनकी पहचान के लिए छानबीन की जा रही है.

गोपालगंज के एसपी स्वर्ण प्रभात ने कहा कि राजा दल पूजा पंडाल के द्वार से थोड़ी दूर पहले भीड़ में 1 बच्चा गिर कर दब गया था. बच्चे को बचाने के क्रम में दो बुजुर्ग महिलाएं झुकी और भीड़ में दब गई. दोनों महिलाओं को सांस लेने में दिक्कत हुई, तत्काल उन्हे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन रास्ते में उनका देहांत हो गया. मौके पर मौजूद मजिस्ट्रेट और पुलिस बल ने तत्काल स्थिति नियंत्रण में लिया. फिलहाल हालात सामान्य है.

खेल

◆ इस विश्व कप में तीसरा उलटफेर

## पाकिस्तान की लगातार तीसरी हार, अफगानिस्तान ने आठ विकेट से हराया



**चेन्नई, (एजेंसी)** वनडे विश्व कप 2023 में उलटफेर थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। सोमवार को इस विश्व कप का तीसरा बड़ा उलटफेर हुआ। अफगानिस्तान ने पाकिस्तान को आठ विकेट से हरा दिया। इससे पहले अफगान टीम ने इंग्लैंड को धोया था, जबकि नीदरलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को हराया था। पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवर में सात विकेट खोकर 282 रन बनाए थे। इसके जवाब में अफगानिस्ता ने 49 ओवर में दो विकेट खोकर 286 रन बना लिए और आठ विकेट से मैच अपने नाम किया।

पाकिस्तान के लिए बाबर ने 74 रन बनाए और अबदुल्लाह शफीक ने 58 रन की पारी खेली। वहीं, अफगानिस्तान के लिए इब्राहिम जादरान ने 87, रहमत शाह ने नाबाद 77 और रहमनुल्लाह गुरबाज ने 65 रन बनाए। कप्तान शहीदी ने नाबाद 48 रन बनाए। वनडे विश्व कप 2023 में यह पाकिस्तान की लगातार तीसरी हार है। वहीं, अफगानिस्तान ने दूसरा उलटफेर करने के साथ ही अंकतालिका में बड़ी छलांग लगाई है। अब यह टीम छठे स्थान पर आ गई है, जबकि गत चैंपियन इंग्लैंड की टीम आखिरी पायदान पर है। इन तीन उलटफेर ने अंक तालिका और सेमीफाइनल के समीकरण काफी रोचक कर दिए हैं।

पाकिस्तान के लिए बाबर आजम और अब्दुल्ला शफीक ने अर्धशतक लगाया। बाबर ने सबसे ज्यादा 74 रन बनाए। अब्दुल्ला शफीक ने 58 रन की पारी खेली। आखिरी ओवरों में शादाब खान और इफ्तिखार अहमद ने शानदार बल्लेबाजी की और टीम को 282 रन तक पहुंचाया। दोनों ने 40-40 रनों का योगदान दिया। सऊद शकील ने 25 और इमाम उल हक ने 17 रन बनाए। मोहम्मद रिजवान आठ रन ही बना सके। शाहीन अफरीदी तीन रन बनाकर नाबाद रहे। अफगानिस्तान के लिए नूर अहमद ने तीन और नवीन उल हक ने दो विकेट लिए। मोहम्मद नबी और अजमतुल्लाह ओमरजई को एक-एक सफलता मिली।

283 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए अफगानिस्तान ने शानदार शुरुआत की। गुरबाज और इब्राहिम ने पावरप्ले में ही 60 रन जोड़ लिए। दोनों ने पहले विकेट के लिए 130 रन की साझेदारी की। गुरबाज 65 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद इब्राहिम ने रहमत शाह के साथ मिलकर 60 रन जोड़े।

सिनेमा

## लियो ने 400 करोड़ क्लब में रखा कदम, गणपत ने चार दिन में कमाए सिर्फ 8 करोड़ रुपये



टाइगर श्रॉफ की फिल्म जहां बॉक्स ऑफिस पर सर्वाइवल के लिए छटपटाती नजर आ रही है वहीं दूसरी तरफ साउथ के सुपरस्टार विजय की फिल्म लियो घरेलू बॉक्स ऑफिस पर सिर्फ 5 दिनों के भीतर 200 करोड़ क्लब में कदम रख चुकी है। टाइगर श्रॉफ की फिल्म 'लियो' को जहां रिलीज हुए चार दिन हो चुके हैं वहीं लियो को इस मामले में एक दिन का एडवांटेज मिला है। क्योंकि लियो की रिलीड 'गणपत' से एक दिन पहले हुई थी। चलिए जानते हैं दोनों फिल्मों की कमाई के आंकड़े।

टाइगर श्रॉफ और कृति सैनन स्टारर इस फिल्म की कमाई का ग्राफ लगातार नीचे गया है। रिलीज डेट पर इसने ढाई करोड़ रुपये का बिजनेस किया था लेकिन दूसरे दिन कमाई बढ़ने की बजाए घट गई और इसने 2 करोड़ 25 लाख रुपये कमाए। तीसरे दिन भी फिल्म की कमाई 2 करोड़ 25 लाख रुपये रही। चौथे दिन की बात करें तो बीते सोमवार फिल्म द्वारा महज 1 करोड़ 30 लाख रुपये का बिजनेस किए जाने की खबर है। कुल कमाई की बात करें तो फिल्म अभी तक कुल 8 करोड़ 30 लाख रुपये कमा चुकी है।

'गणपत' की तुलना में 'लियो' की कमाई का ग्राफ काफी तेजी से ऊपर गया है। फिल्म ने रिलीज डेट पर ही 64 करोड़ रुपये का बिजनेस किया था, जो कि वीकेंड में थोड़ा घटा जरूर, लेकिन कुल कलेक्शन ऊपर ही जाता गया। थलपति विजय की फिल्म ने दूसरे दिन 35 करोड़ 25 लाख रुपये कमाए।

# संपादकीय

## मानवीय - लोकतांत्रिक मूल्यों को ऊपर रखा

यह ठीक है कि दुनिया आर्थिक और व्यापारिक संबंधों के आधार पर गुटों में बंटी हुई है, जिसमें शक्ति संपन्न देश सदा से एक साथ रहे हैं। इजरायल के साथ अमेरिका खुल कर खड़ा है। भारत के दोनों देशों से संबंध बेहतर हैं। मगर भारत ने केवल अपने व्यापारिक रिश्तों को तरजीह नहीं दी, मानवीय और लोकतांत्रिक मूल्यों को ऊपर रखा। दुनिया जानती है कि फिलिस्तीन के हिस्से की बहुत सारी जमीन इजरायल ने जोर-जबर्दस्ती से छीन ली है। भारत ने संकटग्रस्त फिलिस्तीन को दवा और आपदा राहत सामग्री की खेप भेज कर एक बार फिर यही साबित किया है कि वह मानवीय और लोकतांत्रिक मूल्यों का पक्षधर है। जब भी किसी देश में इस तरह का कोई संकट खड़ा हुआ है, भारत ने वहां मदद का हाथ बढ़ाया है। कोरोना काल में जब दुनिया के अनेक देशों को दवाओं और टीके की जरूरत थी, भारत ने उन्हें खुले हाथों मदद पहुंचाई। फिलिस्तीन के साथ तो भारत का सदा सदाशयतापूर्ण संबंध रहा है। वह फिलिस्तीन की संप्रभुता और लोकतांत्रिक अधिकारों के पक्ष में खुल कर बोलता रहा है। हालांकि जब इजरायल पर हमास का हमला हुआ, तब भारत ने इजरायल के साथ खड़े रहने का एलान कर दिया, जिसे लेकर एक अजीब तरह का वातावरण बना कि भारत ने अपनी परंपरागत पक्षधरता बदल दी है। मगर जब गाजा के अल अहली अस्पताल पर हमला हुआ, जिसमें करीब पांच सौ लोग मारे गए और सैकड़ों घायल हो गए, तब प्रधानमंत्री ने फिलिस्तीन के राष्ट्रपति से फोन पर बात करके संवेदना प्रकट की और उन्हें हर मदद पहुंचाने का आश्वासन दिया। उस आश्वासन को पूरा करते हुए दवा और आपदा राहत सामग्री की पहली खेप रवाना भी कर दी गई है। राहत सामग्री की खेप भेज कर भारत ने अब स्पष्ट कर दिया है कि फिलिस्तीन के मूल अधिकारों को लेकर उसके पक्ष में कोई बदलाव नहीं आया है। प्रधानमंत्री ने कुछ दिनों पहले कहा भी था कि फिलिस्तीन की संप्रभुता बहाल होनी चाहिए, उसके हक की जमीन उसे मिलनी ही चाहिए। यह ठीक है कि इजरायल के साथ भारत की नजदीकी पिछले कुछ समय से बढ़ी है और तकनीकी आदि मामलों में वहां से सहयोग भी मिला है। मगर फिलिस्तीन और इजरायल के बीच चल रहे संघर्ष में अगर भारत केवल कुछ व्यापारिक संबंधों की वजह से इजराइल के साथ खड़ा होता, तो उसकी लोकतांत्रिक पक्षधरता का प्रश्नांकित होना स्वाभाविक था।

### अर्ज किया है..!

*मैं ने पूछा कि है क्या शग़्ल*
*तो हँस कर बोले*
*आज कल हम तेरे मरने की*
*दुआ करते हैं*

*- जलाल लखनवी*

MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

**इश्क की यह भी**
**एक मंजिल थी...**
**हर कदम पर**
**फरेब खाया गया...**

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

### Health is Wealth

## उम्र बढ़ने के साथ रूटीन में शामिल करें ये 5 चीजें

# फिजिकल-मेंटल हेल्थ बनी रहेगी दुरुस्त

बढ़ती उम्र के साथ व्यक्ति का तनाव और स्ट्रेस लेवल भी बढ़ने लगता है। ऐसे में खुद को सेहतमंद बनाए रखने के लिए ना सिर्फ शारीरिक रूप से बल्कि मानसिक रूप से भी फिट रहना जरूरी होता है। ऐसा इसलिए, क्योंकि दोनों में से किसी एक के भी गड़बड़ होने पर दूसरी चीज अपने आप प्रभावित होने लगती है। जिसका सीधा असर व्यक्ति की सेहत पर पड़ता है। ऐसे में दिन भर की भागदौड़ के बाद महसूस होने वाले तनाव से राहत पाने के साथ खुद को फिट बनाए रखने के लिए साइकोथेरेपिस्ट, लाइफ कोच, गेटवे ऑफ हीलिंग की एम.डी डॉ चांदनी तुगनैत से जानते हैं कुछ असरदार टिप्स।



### अच्छी नींद

अपने मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल करने के लिए आपको अच्छी नींद लेना भी बहुत जरूरी होता है। अगर आप अच्छी नींद लेंगे, तो मेंटली हेल्दी रहेंगे। गहरी नींद के लिए स्क्रीन टाइम कम करें। साथ ही, तनाव मुक्त रहने की कोशिश करें।

### हेल्दी डाइट

हेल्दी डाइट का असर हमारे शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक स्वास्थ्य पर भी पड़ता है। मेंटली फिट और हेल्दी रहने के लिए बैलेंस डाइट लेना बहुत जरूरी होता है। ऐसे में आपको प्रोटीन, फाइबर और विटामिन्स से भरपूर डाइट लेनी चाहिए। कैफीनयुक्त चीजों से परहेज करें।

### दोस्तों और फैमिली के साथ बिताएं समय

अकेले रहने पर व्यक्ति को तनाव या चिंता महसूस हो सकती है। ऐसे में आपको मेंटली फिट रहने के लिए अपने दोस्तों और फैमिली के साथ समय बिताना चाहिए। अपनी बातों को दोस्तों के साथ शेयर करें। इसके अलावा अगर आपको मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी कोई दिक्कत महसूस होती है या आप तनाव में रहते हैं, तो किसी अच्छे साइकोथेरेपिस्ट से जरूर कंसल्ट करें।

## खुद को मेंटली फिट रखने के लिए फॉलो करें ये टिप्स-

### नियमित एक्सरसाइज

रोजाना वर्कआउट करने से आप न सिर्फ शारीरिक बल्कि मानसिक रूप से भी फिट रह सकते हैं। मेंटली फिट रहने के लिए आपको रोजाना 30 मिनट वॉक जरूर करनी चाहिए। साथ ही, योग और एक्सरसाइज का भी अभ्यास जरूर करें। आप मेडिटेशन और प्राणायाम करके भी खुद को मेंटली स्ट्रॉन्ग बनाए रख सकते हैं।

### पॉजिटिविटी पर दें ध्यान

अगर आप हर बात को नेगेटिव तरह से सोचते और समझते हैं, तो इसका सीधा असर आपके दिमाग पर पड़ता है। जिसकी वजह से व्यक्ति को तनाव और डिप्रेशन हो सकता है। ऐसे में मेंटली स्ट्रॉन्ग बने रहने के लिए पॉजिटिव रहने की कोशिश करें। ऐसे लोगों के साथ समय बिताएं, जिनके साथ रहने पर आपको पॉजिटिव फील होता हो।

## Highlights

1. 20-yr-old woman kills boyfriend with axe for refusing to marry her in Jharkhand
2. Rainfall predicted in 7 states as cyclone 'Hamoon' intensifies
3. 14 kids infected with HIV, Hepatitis after blood transfusion in UP
4. 5-yr-old among 3 killed in stampede at Durga Puja pandal in Bihar
5. Policeman dumps fans' Indian flags in dustbin at WC match; Chennai Police reacts
6. Day after quitting as Odisha CM's secy, Pandian gets Cabinet rank

# Akbar Al Baker, who helmed Qatar Airways for 27 years as CEO, to step down. Badr Al-Meer named his successor

**NEW DEIHI, (Agency).** Akbar Al Baker, the chief executive officer of Qatar Airways, will step down from his post after helming the state-run carrier for 25 years.

"Qatar Airways Group confirms after 27 years of remarkable service, Qatar Airways Group Chief Executive - His Excellency Mr. Akbar Al Baker, will be stepping down from his current position as Group Chief Executive effective 5 November 2023, and will be succeeded by Engr. Badr Mohammed Al-Meer as Group Chief Executive for Qatar Airways", the airline said in a statement.

Here are five things you need to know about Baker, who built Qatar Airways into a leading air carrier.

1. According to the airline's website, Baker is a graduate in Economics and Commerce and worked at various levels in the Civil Aviation Directorate before taking over as Qatar Airways CEO



in 1997.

2. He holds a private pilot license and is also CEO of several divisions of Qatar's national airline – including Qatar Executive, Hamad International Airport, Qatar Aviation Services, Qatar Aircraft Catering Company, Qatar Distribution Company, Qatar Duty Free and Internal Media Services.

3. Al Baker built Qatar Airways into a long-distance powerhouse challenging Gulf rival Emirates. His devotion to delivering a premium experience won plaudits from customers but led to clashes with manufacturers Airbus SE and Boeing Co, Bloomberg reported.

4. Al Baker went to court with Airbus over an issue with flaking paint on widebody A350 jets. The matter was settled earlier this year.

5. He also courted controversy with comments at a 2018 event that a woman could not do his job "because it is a very challenging position." Baker's retirement has been anticipated for several years but he has always said he would step down when he was asked to.

# Who was Parag Desai, man who built ₹2000 crore Wagh Bakri empire?

**NEW DEIHI, (Agency).** The Wagh Bakri group's executive director, Parag Desai, passed away on Sunday in Ahmedabad, the company announced on social media. He was 49.

We're now on WhatsApp. Click to join.

The company, in an Instagram story, said, "With profound grief, we regret to inform the sad demise of our beloved Parag Desai".

Desai succumbed to brain hemorrhage after he suffered injuries following an attack by stray dogs outside his residence last week, reported Ahmedabad Mirror.

The fourth-generation entrepreneur of the tea conglomerate, Desai held an MBA from the Long Island University in New York, USA. One of the two executive directors on the board of Wagh Bakri Tea



Group, Desai joined the family business in 1995 when the company's revenue was less than ₹100 crore.

Desai took the charge of expanding the business outside Ahmedabad and introduced the ecommerce platform buytea.com. He also spearheaded the group's sales, marketing and exports division.

The Wagh Bakri Group, which was founded in 1892 by Narandas Desai, operates as one of the leading packaged tea companies in India with a turnover of over ₹2,000 crore and over 50 million kg of tea distribution. The company is present across 24 Indian states and exports to some 60 countries.

Parag Desai also transformed the tea group strategically and launched over 70 tea lounges and tea worlds across India. He also strengthened the group's e-commerce, social and digital media presence.



इंदौर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा विजयादशमी पर मंगलवार को सैकड़ों स्थानों से पथ संचलन निकाला गया। इसमें 1200 किलोमीटर लंबे मार्ग पर पूर्ण गणवेश में हजारों स्वयं सेवकों ने कदमताल की। संचलन सुबह 7 से 9 बजे के मध्य निकले, इसमें चारों नगरीय जिले और महू ग्रामीण के स्वयंसेवक सम्मिलित हुए।

# साफ्टवेअर इंजीनियर की संदिग्ध मौत

## ◆ बाथरूम में मृत मिले, पीएम में होगा खुलासा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। तेजाजी नगर इलाके में रहने वाले एक सॉफ्टवेअर इंजीनियर की मौत हो गई। वह आईटी कंपनी में जॉब करते थे। बताया जाता है कि उन्होंने सोमवार को कन्या भोज कराया था। नीचे के कमरे से वह उपर गए। जहां कुछ देर बाद पत्नी ने देखा तो वह बाथरूम में गिरे मिले। पुलिस शव का पोस्टमॉर्टम करा रही है।**

पुलिस के मुताबिक आकाश(36) पिता प्रकाश दांडे निवासी सूरज विहार कॉलोनी लिंबोदी को सोमवार देर शाम उसकी पत्नी नेहारिका एमवाय अस्पताल लेकर पहुंची। यहां डॉक्टरों ने चेकअप के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। परिवार के लोगो ने बताया कि सोमवार को नवमी के चलते परिवार ने कन्या पूजन रखा था। इसके शाम को आकाश ऊपर जाकर आराम करने की बात कर चले गए। करीब एक घंटे बाद पत्नी ने जब ऊपर जाकर देखा तो बाथरुम का दरवाजा खुला था। अंदर आकाश गिरे पड़े दिखे। उन्होंने तुरंत मदद के लिये अन्य लोगो को बुलाया जिसके बाद उन्हें नजदीक के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। आकाश के मामा के मुताबिक आकाश आईटी कंपनी में सॉफ्टवेअर इंजीनियर है। वही पिता सरकारी स्कूल से प्रिंसिपल के पद से रिटायर्ड हुए है। आकाश के बड़े भाई सनावद में टीचर है। वही इंदौर में वह दो साल के बेटे, पत्नी ओर माता पिता के साथ रहते है। जानकारी के मुताबिक आकाश की माता जी भी निजी काम के चलते बाहर थी। परिवार के मुताबिक संभवत हार्ट अटैक के चलते आकाश की मौत हुई है। लेकिन कारण पता करने के चलते वह मामले में पोस्टमॉर्टम करवा रहे है।

# जिलाबदर बदमाश गिरफ्त में

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। परदेशीपुरा पुलिस ने एक जिलाबदर बदमाश को पकड़ा है। आरोपी को कुछ माह पहले ही जिलाबदर किया गया था। सोमवार को इलाके में डोमिनेशन मार्च निकल रहा था। इस दौरान आरोपी को सिपाहियों ने पहचान लिया। लेडी इंस्पेक्टर ने उसकी कॉलर पकड़ी तो वह दौडने लगा। आरोपी को पकडक़र जेल भेज दिया गया है।**

टीआई पंकज द्विवेदी के मुताबिक सोमवार को इलाके में डोमिनेशन मार्च निकाला गया। इस दौरान सिपाहियों की नजर राहुल उर्फ बारीक निवासी परदेशीपुरा पर पड़ी। सिपाहियों ने महिला एसआई को जानकारी दी कि राहुल इलाके का निगरानी शुदा बदमाश है। जिस पर कई केस चल रहे है। राहुल इस दौरान एक युवक को धमका रहा था। पुलिस को देख वह भागने लगा। जिसे दौडक़र पकड़ लिया गया। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह जिलाबदर होने के चलते बाहर ही था। लेकिन उसे मुंबई जाना था उसके पास रुपए खत्म हो गए। इसके लिये वह दोस्त से पैसे लेने इलाके में आया था।

# महिला से धोखाधड़ी, लाखों रुपए लेकर नहीं दिया प्लाट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** अन्नपूर्णा पुलिस ने एक महिला की शिकायत पर रियल एस्टेट कंपनी के कर्ताधर्ताओं के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। आरोप है कि महिला से करीब 9 साल पहले 30 लाख रुपए ले लिए। आज तक प्लॉट नहीं दिए। अब बता दिया कि कंपनी दिवालिया हो गई है। पुलिस के अनुसार छाया पति प्रभाकर निवासी भाग्यलक्ष्मी कॉलोनी सुखलिया की शिकायत पर आरोपी योगेश पिता बाबूराव किराड और संजय दोनों निवासी नागपुर महाराष्ट्र के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। फरियादिया ने बताया कि आरोपी पक्ष ने खंडवा रोड पर वास्तुलैंड कंपनी के नाम से विंध्याचल कॉलोनी में प्लॉट बेचना शुरू किए थे। उनसे भी साल 2014 में संपर्क किया गया। निवेश और मोटे मुनाफे का झांसा देकर 30 लाख रुपए में चार प्लॉट उन्हें बेचे गए। उन प्लॉट की आज तक रजिस्ट्री नहीं हुई। बाद में कंपनी अपना ऑफिस समेट कर भाग निकली। फरियादी पक्ष ने महाराष्ट्र में भी आरोपियों की कंपनी में जाकर संपर्क किया तो बताया कि कंपनी दिवालिया हो गई है और कुर्की की कार्रवाई चल रही है। इसके बाद इंदौर जाकर मामले की शिकायत की गई। पुलिस अब आरोपियों को तलाश रही है।

## पिता-पुत्र को पीटा, मोबाइल तोड़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** नवरात्रि में माता रानी की आराधना के गीत बजा रहे पिता-पुत्र पर कुछ सिरफिरों ने हमला कर दिया। उन्होंने फरियादी का मोबाइल भी तोड़ दिया। लसूडिय़ा पुलिस ने बताया कि काजल पिता प्रहलाद राणा निवासी निरंजनपुर नई लोहा मंडी की शिकायत पर आरोपी कालू, बटुक और पांडु के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। काजल ने पुलिस को बताया कि उसके पिता ने अपनी दुकान के पास माता जी की स्थापना की थी। यहीं पर अपने मोबाइल से साउंड सिस्टम बज रहे थे। इसी बात को लेकर आरोपियों ने विरोध किया और प्रहलाद राणा पर हमला कर दिया। उसका बेटा उसे बचाने आया तो उसके साथ भी जमकर मारपीट की है। आरोपियों ने प्रहलाद का मोबाइल भी फोड़ डाला।

# चोरों ने तीन मकानों के ताले चटकाए

## नकदी और जेवरात सहित अन्य माल उड़ाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** पुलिस के प्रयासों के बाद भी चोरी की वारदातों पर अंकुश नहीं लग रहा है। तीन मकानों पर चोरों पर धावा बोलकर वहां से नकदी और जेवरात सहित लाखों के माल पर हाथ साफ कर दिया। द्वारकापुरी पुलिस को फरियादी रेखा साहू निवासी विदुर नगर ने बताया कि उनके घर से हार, दो मंगलसूत्र, झुमकी, झाले, अंगूठी, पायल, चांदी की तीन चूडिय़ां, करधोना, चांदी के चार गुच्छे, बिछुड़ी, कपड़े का बंडल सहित 2500 रुपए नकद चुरा ले गए। तीनों मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इसी प्रकार लसूडिय़ा पुलिस को फरियादी नीरज पिता रामविशाल गुप्ता निवासी प्लेटिनम पेराडाइज ने बताया कि वे परिवार के साथ बाहर गए थे। लौटकर आए तो अलमारी का ताला टूटा पड़ा था। चोर दो कंगन, झुमकी, दो अंगूठी, बैंदी, टीवी ले गए। उधर, दूसरी घटना भी इसी थाना क्षेत्र में हुई। फरियादी ईश्वर पिता लखनसिंह परमार निवासी विज्जू खेड़ी के घर का ताला तोडक़र चोर वहां से मंगलसूत्र, झुमकी, दो नग अंगूठी और नकदी ले गए।

# डीआरपी लाइन में हुआ शस्त्र पूजन अफसरों ने किए हवाई फायर



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** डीआरपी लाइन में दशहरे के त्यौहार पर मंगलवार सुबह शस्त्र पूजन का किया गया। इस दौरान कमिश्नर सहित अन्य अफसर यहां उपस्थित हुए। पूजन के बाद अफसरों ने हवाई फायर कर एक दूसरे को बधाईयां दी। कमिश्नर मंकरद देउस्कर ने परपंरा के चलते डीआरपी लाइन में मंगलवार को शस्त्र पूजन किया। इस दौरान असिस्टेंट कमिश्नर ओर डीसीपी सहित तमाम अफसर मौजूद रहे। शस्त्र पूजन के बाद अफसरों ने बाहर आकर हवाई फायर भी किये। वही लाइन में खड़े पुलिस के वाहनों का पूजन भी करवाया गया।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।

■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ■ समूह PRO - एल.एन. उग्र ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।